भारत सरकार
योजना मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1815
दिनांक 03 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

बेस लाइन रिपोर्ट 2018

1815. श्री रितेश पाण्डेय:

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एसडीजी इंडिया इंडेक्स-बेसलाइन रिपोर्ट 2018 में राज्यों एवं संघ राज्यक्षेत्रों के उद्देश्य 12: सतत उपभोग एवं उत्पादन, उद्देश्य 13: जलवायु कार्यवाही एवं उद्देश्य 17: उद्देश्यों के लिए भागीदारी के प्राप्त करने में उनकी प्रगति का मूल्यांकन नहीं करने के क्या कारण थे;

(ख) क्या उद्देश्य 12, 13 एवं 17 का मूल्यांकन अगली बेसलाइन रिपोर्ट में किया जायेगा;

(ग) यदि हां, तो राज्यों एवं संघ राज्यक्षेत्रों के उद्देश्य 12 एवं 13 पर कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन करने का क्या मापदंड हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय
तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क): एसडीजी इंडिया सूचकांक 2018 में 'लक्ष्य 12: सतत उपभोग एवं उत्पादन' तथा 'लक्ष्य 13: जलवायु कार्रवाई' को मुख्य रूप से विभिन्न राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के तुलनीय आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं होने के कारण शामिल नहीं किया जा सका। 'एसडीजी 17: लक्ष्यों के लिए भागीदारी' को इसलिए शामिल नहीं किया जा सका कि राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क में इस लक्ष्य के लिए संकेतकों की पहचान नहीं की गई थी। एसडीजी इंडिया इंडेक्स बेसलाइन रिपोर्ट, 2018 में भी इन कारणों का उल्लेख किया गया था।

(ख) और (ग): लक्ष्य 12,13 और 17 का अगली बेसलाइन रिपोर्ट में आकलन नहीं किया जाएगा।

(घ): उक्त बिंदु (क) में उल्लिखित कारणों से, लक्ष्य 12,13 और 17 का अगली बेसलाइन रिपोर्ट में आकलन नहीं किया जाएगा।

***